an>

Title: Issue regarding terrorist activities along Indo Pak border in Rajasthan.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): सभापति जी, मैं आपके माध्यम से एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय उठाना चाहता हूं।

राजस्थान की जो पाकिस्तान के साथ अन्तर्राष्ट्रीय सीमा लगती है, मैं उसके पास के बीकानेर संसदीय क्षेत्र से आता हूं। अभी इन दिनों एक समाचार आया कि एक बहुत बड़ा आतंकवादी सरगना है, एक लीडर है, वह राजस्थान की सीमा के पास पहुंच गया है। मैं उसका नाम नहीं लेना चाहता। वह इंडिया में आतंकवादी घटनाओं का मास्टर माइंड है। अभी उसने एक वीडियो जारी किया है। पाकिस्तान में कुछ गांव हैं, जिनमें हिन्दू जनसंख्या रहती है और वह भी सोसायटी के वीकर सैक्शंस की जनसंख्या है। उसने एक वीडियो जारी किया है कि तुम कोई वीज़ा लेकर हिन्दुस्तान जाओ और हिन्दुस्तान जाकर के आतंकवादी घटनाएं करो।

मेरी आपके माध्यम से भारत सरकार के गृह मंत्री से यह मांग है कि जितनी भी अपनी इंटेलीजेंस एजेंसीज़ हैं, चाहे वह आई.बी. हो, चाहे वह बी.एस.एफ. हो, चाहे एस.एस.बी. हो, उससे उसकी पूरी जानकारी करायें और पाकिस्तान को कूटनीतिक माध्यम से यह समझायें कि वह राजस्थान की सीमा के पास कैसे स्थित है और कई दिनों से उन गांवों में कैसे रह रहा है। पाकिस्तान उसको प्रश्रय दे रहा होगा, इसलिए यह बहुत चिन्ता का विषय है। हम राजस्थान में बहुत शान्ति से रहते हैं, हमारी सीमा के पास की बार-बार अखबारों में बड़ी-बड़ी खबरें छपती हैं कि वह बड़ा आतंकवादी यहां पहुंच गया है और जितने भी हिन्दू लोग वहां रहते हैं, उनको कहता है कि आप धार्मिक वीज़ा लेकर के हिन्दुस्तान जाइये और वहां आतंकवादी घटनाएं करिये और वापस आइये, नहीं तो हम आपकी फैमिली को डिस्टर्ब करेंगे। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए भारत सरकार को पाकिस्तान से कूटनीतिक स्तर पर इसका हल निकालना चाहिए, जिससे हमारे क्षेत्र में शान्ति रह सके।

आपने बोलने के लिए समय दिया, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।